# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
★ ~~सुरेश कुमार शर्मा~~
मो० 9470003023 / 9431479774

महासचिव,
★ सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :–
संयुक्त सचिवः –
कोषाध्यक्षः –
संयुक्त कोषाध्यक्षः –

★ ~~[illegible]~~
★ राजेन्द्र राम
★ राजयनन्द वार्डियार
★ अनिल कुमार
★ चन्द्र शेखर सिंह
★ विनोद आनन्द

पत्रांक : 10

दिनांक 21-2-2016

**दिनांक–21.02.2016 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की केन्द्रीय कार्यकारणी की हुई बैठक की कार्यवाहीः–**

उपस्थितिः– पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा बैठक में आये वि0प्र0सेवा से नवप्रोन्नत भा0प्र0से0 के पदाधिकारियों, दिसम्बर, 2015 एवं जनवरी, 2016 में सेवानिवृत वि0प्र0से0 के पदाधिकारीयों तथा केन्द्रीय कार्यकारणी के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

2. सदस्यों को बताया गया कि बिहार प्रशासनिक सेवा संघ का उच्च न्यायालय में दायर समादेशवाद संख्या 2259/14 का निष्पादन दिनांक 06.01.2016 को हो चुका है, जिसमें विशेष वेतन रूपये 500 देने का आदेश हुआ है। संघ के द्वारा इनकी प्रति वित्त एवं सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराते हुए न्यायादेश के आलोक में आदेश निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

3. दिनांक 12.08.2014 के बाद कोई भी प्रोन्नती नहीं होने से संघ के सदस्यों में काफी रोष है। निर्णय लिया गया कि विस्तृत विवरणी के साथ सरकार से अनुरोध किया जाय कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में प्रोन्नति देने की कार्रवाई की जाय, ताकि अनु0 जाति/जन जाति/अन्य वर्गो का प्रोन्नति हो सके।

4. बिहार प्रशासनिक सेवा के कई पदाधिकारी को कई विषयों यथा विभागीय कार्रवाई, विभिन्न विषयों पर नियम/प्रावधान की जानकारी व अन्य पर मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, इसके साथ संघ को भी कई जटिल समस्यों के निदान हेतु परामर्श की आवश्यकता होती है इसलिए ऐसा महसूस किया गया कि वि0प्र0से0 संघ के सेवा निवृत पदाधिकारी का एक परामर्श समूह बनाया जाय जो संघ भवन में सभी कार्य दिवस में उपलब्ध रहेगे तथा आवश्यकतानुसार अपना परामर्श देगे। इस पर कार्यकारणी की सहमती प्राप्त की गई।

5. बिहार प्रशासनिक सेवा से भा0प्र0सेवा में प्रोन्नत पदाधिकारी इस प्रकार हैः—

**Select List of 2011 (Against vacancies arisen between 01-01-2011 to 31-12-2011)**

| S.No. | Name of the officer (S/Shri) | S.No. | Name of the officer (S/Shri) |
|---|---|---|---|
| 1 | Shailesh Kumar | 14 | Ram Niwas Pandey |
| 2 | Umesh Kumar | 15 | Bipin Kumar Singh |
| 3 | Shyama Nand Jha | 16 | Jayant Kumar Singh |
| 4 | Uma Shankar Prasad | 17 | Bharat Jha |
| 5 | Gopal Krishan Paramhans | 18 | Harihar Prasad |
| 6 | Birendra Kumar | 19 | Narendra Prasad Mandal |
| 7 | Ramashankar Pd. Daftuar | 20 | Suresh Prasad Sah |
| 8 | Girijesh Prasad Shrivastava | 21 | Smt. Sujata chalana |
| 9 | Gajanan Mishra | 22 | Muni Lal Zamadar |
| 10 | Md. Salim | 23 | Dev Narayan Mandal |
| 11 | Rajiv Pd. Singh Ranjan | 24 | Anirudh Kumar |
| 12 | Kehav Kumar Singh | 25 | Surendra Kumar Ram |
| 13 | Mohan Ram | | |

**Select List of 2012 (Against vacancies arisen between 01-01-2012 to 31-12-2012)**

| S.No. | Name of the officer (S/Shri) |
|---|---|
| 1 | Ram Kishore Mishra |
| 2 | Sohan Kkumar Thakur |
| 3 | sanjay Kumar |
| 4 | Brij Raj Rai |
| 5 | Birendra Kumar Mishra |
| 6 | Sunil Kumar |
| 7 | Md. Naushad Yusuf |
| 8 | Radheshyam Sah |
| 9 | Neel Kamal |
| 10 | Ashok Kumar Singh |
| 11 | Ajay Kumar Shrivastava |

सभी पदाधिकारी को बासा का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

6. श्री के0वी0एन0 सिंह बिहार प्रशासनिक सेवा (27 वीं बैंच) से भा0प्र0से0 में प्रोन्नति के बाद दिनांक 31.01.2016 को सेवा निवृत हो गये है इन्होने बिहार प्रशासनिक सेवा संघ का आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। इन्हे भी बासा का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

7. दिसम्बर, 2015 एवं जनवरी, 2016 में वि0प्र0सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारी निम्न प्रकार हैः—

**दिसम्बर 2015 में सेवानिवृत, बि0प्र0से0 पदाधिकारी**

1. श्री महाशंकर मिश्र— 27 बी0 विशेष सचिव गृह विभाग, पटना
2. श्री कामेश्वर शुक्ला—30 बी0 अपर सचिव उर्जा विभाग, पटना
3. श्री रामाशीष राम 32 बी0 विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, पटना
4. श्री अशोक कुमार सुमन 33 बी0 संयुक्त सचिव पंचायतीराज विभाग, पटना
5. श्री कन्हैया प्रसाद 33 बी0 अपर समाहत्ता, आपदा, मधेपुरा

## जनवरी 2016 में सेवानिवृत, बि0प्र0से0 के पदाधिकारी

1. श्री अशोक प्रियदर्शी–27 बी0 उप निदेशक सर्वे गुलजार बाग, पटना।
2. श्री सीता चौधरी–28 बी0 अपर नगर आयुक्त, पटना।
3. श्री शशि भूषण तिवारी–29 बी0 निदेशक भू अर्जन, पटना।
4. श्री अमरनाथ मिश्र–29 बी0 अपर सचिव समाज कल्यासण विभाग, पटना।
5. श्री अमर चटर्जी–29 बी0 अपर सचिव बिहार भवन, नई दिल्ली।
6. मो0 सलाहउद्दीन खाँ–30 बी0 अपर सचिव राज भवन, पटना।
7. श्री उदय कान्त झा–30 बी0 संयुक्त सचिव विभागीय जांच, पटना।
8. श्री नन्द जी सिंह–30 बी0 संयुक्त सचिव विभागीय जांच, दरभंगा।
9. श्री सदन लाल जमादार–30 बी0 सचिव पिछड़ा वर्ग आयोग, पटना।
10. श्री जय नारायण झा–30 बी0 ओ0एस0डी0 श्रम संसाधन विभाग, पटना।
11. श्री सुरेश कुमार सिन्हा–33 बी0 ए0डी0एम विभागीय जांच वैशाली।
12. श्री नन्द किशोर वर्मा– प्रतीक्षारत।
13. इद मोहम्मद–33 बी0 निदेशक एन0 ई0 पी0 , मुजफ्फरपुर।

सभी पदाधिकारी को बासा का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**8.** सदस्यों को जानकारी दी गई कि श्री शंभू शंकर बहादुर वि0 प्र0 से0 (कोटि क्रमांक–603/11) 36वीं बैंच के पदाधिकारी जिनकी सेवा निवृति दिनांक–30.04.21 थी। दिनांक 29.01.2016 को स्वैच्छिक सेवा निवृति प्राप्त कर लिया। इन्हें भी बासा का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**9.** मिसवाह बारी (वि0 प्रे0 से0 से प्रोन्नत भा0 प्र0 सेवा) सेवा निवृत एवं श्री रघुनाथ प्र0 वि0 प्र0 सेंवा से सेवानिवृति के उपरान्त बिहार प्रशासनिक सेवा संघ का आजीवन सदस्यता ग्रहण किया है। इन्हें बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य नियुक्ति किये जाने पर सम्मानित किया गया तथा उन्हें बासा का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**10.** संघ भवन निर्माण हेतु सभी सदस्यों (सेवा निवृत एवं भा0 प्र0 सेवा में प्रोन्नत पदाधिकारी सहित) से सहयोग राशि देने का अनुरोध किया गया।

**11.** बिहार प्रशासनिक सेवा (27वीं बैच) से भा0 प्र0 से0 में प्रोन्नत (1999 बैंच) श्री कृष्ण मोहन का निधन दिनांक–13.02.2016 को हो गया। इनकी सेवा निवृति की तिथि दिनांक–31.05.2016 थी। इन्होंनें बिहार प्रशासनिक सेवा संघ का आजीवन सदस्यता ग्रहण किया था। दिवगंत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया।

**तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

ह0/–
**(सुशील कुमार)**
महासचिव

ह0/–
**(राजेन्द्र राम)**
अध्यक्ष

ज्ञापांकः–...10.......
पत्रांक दिनांकः– 21-2-2016

प्रतिलिपिः– सम्पादक, सभी दैनिक समाचार पत्र हिन्दी/अंग्ररेजी को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

**(सुशील कुमार)**
महासचिव